जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2024/658 दिनांक : 01.02.2024

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
ग्वालियर, गुना, दतिया, शिवपुरी,
अशोकनगर, मुरैना, भिण्ड, श्योपुरकलॉ (म0प्र0)

विषयः- आगामी वार्षिक परीक्षा मार्च/अप्रैल 2024 एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में विद्यार्थियों की अंकसूचियां डिजीलॉकर में अपलोड किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग की मंशानुरूप मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में समस्त विद्यार्थियों (नियमित/स्वाध्यायी) को अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन तथा इसके पश्चात विद्यार्थियों की अंकसूचियां डिजीलॉकर में अपलोड किया जाना है जिससे विद्यार्थियों को महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिवर्तन करने पर किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या का सामना न करना पड़े।

आगामी वार्षिक परीक्षा मार्च/अप्रैल 2024 एवं अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में छात्र/छात्राओं के पंजीयन कराने के सम्बंध में विस्तृत विचार विमर्श एवं चर्चा किये हेतु एक आवश्यक बैठक दिनांक 06.02.2024 को अपरान्ह 12.30 बजे विश्वविद्यालय के टण्डन सभागार में आयोजित की गई है। अतः आप अपने महाविद्यालय के एक एक्सपर्ट कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ निश्चित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग कार्यालय, ग्वालियर चम्बल संभाग कस्तूबा चौराहा,ग्वालियर।
2. उप/सहायक-कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. श्री संजय बरतरिया, इंचार्ज, आई0टी0 सेल एवं श्री एच0के0 द्विवेदी, प्रभारी, डाटा सेंटर, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (ABC) में पंजीयन से सम्बंधित समस्त जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहें एवं इसका स्क्रीन पर प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत करें।

उप-कुलसचिव(गोपनीय)